p>

Title: Need to take flood control measures in Mishrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): चेयरमैन साहिबा, आपका धन्यवाद ।

मैं मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मल्लावां-बिलग्राम विधान सभा क्षेत्र की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा । वह गंगा नदी का बाढ़ प्रभावित इलाका है । वहां प्रत्येक वर्ष बाढ़ आती है । कटरी, परसोला, छिबरामऊ सहित काफी गांव बर्बाद हो जाते हैं, वहां की फसलें नष्ट हो जाती हैं, किसान आवासविहीन हो जाते हैं । मेरा सरकार से अनुरोध है कि गंगा नदी की बाढ़ से प्रभावित ग्रामों का उच्चीकरण कराया जाए । जो आवासविहीन ग्रामीण लोग हैं, उनके लिए आवास की व्यवस्था कराई जाए । बाढ़ से बचाव के लिए मेहंदीघाट से होते हुए राजघाट सड़िया पुल तक केन्द्रीय आवंटन से एक बांध जरूर बंधवाया जाए । जब तक बांध नहीं बन रहा है, तब तक वहां छोटी-छोटी ठोकरें बनवाने का आवश्यक कार्य किया जाए, ताकि लोगों का बचाव हो सके । धन्यवाद ।